भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस


DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 20 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 06 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## जहाजपुर में युवक की हत्या से उपजा तनाव, प्रशासन की पहल से खत्म हुआ धरना

### ताजिया जुलूसों पर लगी रोक, परिजनों को मिला मुआवजा व नौकरी का आश्वासन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / जहाजपुर**

कस्बे में कार-ठेला विवाद को लेकर हुई सीताराम कीर की पीट-पीटकर हत्या के बाद शनिवार को माहौल बेहद तनावपूर्ण बना रहा। घटना के विरोध में कस्बा पूरी तरह बंद रहा, वहीं मृतक के परिजन एवं समाजजन सरकारी अस्पताल के बाहर धरने पर डटे रहे। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, विशेष चिकित्सकों से पोस्टमार्टम, एक करोड़ मुआवजे, और एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रखा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने 5 और 6 जुलाई को मोहर्रम पर निकलने वाले सभी ताजिया जुलूसों पर रोक लगा दी। एसडीएम राजकेश मीणा ने ऐहतियातन यह अनुमति वापस लेते हुए कहा कि यह निर्णय शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। कस्बे में 10 थानों का अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया है और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त जारी है।

धरने के दौरान परिजनों ने रात में शव को जबरन हटाने की कोशिश और डिप्टी एसपी द्वारा अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। परिजनों व समाज के नेताओं ने डिप्टी एसपी को तत्काल निलंबित करने की मांग की। मामले में 16 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

केवट कहार समाज के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार ने पीड़ित परिवार के लिए 1 करोड़ मुआवजा, एसआईटी जांच और फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग उठाई। उन्होंने सीताराम के निर्धन परिवार की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार उसी पर निर्भर था।

#### प्रशासन की पहल से टूटा गतिरोध

शाम को जिला कलेक्टर जसमीत संधू, एसपी धर्मेंद्र यादव और विधायक गोपीचंद मीणा ने उपखंड कार्यालय में परिजनों से वार्ता की। बातचीत के बाद प्रशासन की ओर से 15 लाख रुपए, राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए, विधायक गोपीचंद मीणा की ओर से 1 लाख रुपए और केवट समाज की ओर से 1 लाख रुपए की सहायता राशि पर सहमति बनी। इसके साथ ही मृतक के एक परिजन को संविदा पर सरकारी नौकरी देने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन भी दिया गया। प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

फिलहाल कस्बे में शांति है, लेकिन तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## चित्तौड़गढ़ में खाद-बीज दुकानों पर कार्रवाई, तीन का कीटनाशक लाइसेंस निलंबित, एक पर बिक्री रोक



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को जिले की कई खाद-बीज दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण कर तीन दुकानों के कीटनाशक लाइसेंस निलंबित कर दिए, जबकि एक दुकान की बिक्री पर रोक लगा दी गई।

संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार जागा, उप निदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल जाट, कृषि अधिकारी गोपाल लाल शर्मा और गोपाल लाल धाकड़ द्वारा की गई इस कार्रवाई में पालका गांव स्थित श्रीकृष्णा खाद बीज भंडार पर डीएपी उर्वरक की बिक्री में गड़बड़ी पाई गई, जिस पर तत्काल बिक्री पर रोक लगाई गई और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

वहीं कनेरा क्षेत्र की महादेव बीज भंडार, श्री खाटू श्याम ट्रेडिंग कम्पनी और श्री लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र पर मूल्य सूची नहीं होने, अधूरे स्टॉक रजिस्टर व बिल बुक के कारण कीटनाशक लाइसेंस निलंबित किए गए।

कृषि विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई किसानों को सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

## बनास नदी में डूबा 30 वर्षीय युवक, गांव में छाया शोक



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


मंगरोप थाना क्षेत्र के सियार गांव में बनास नदी में नहाने गए 30 वर्षीय भैरूलाल जाट की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय तैराक और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जमनालाल कीर और सांवर कीर के प्रयासों से युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया। रेस्क्यू कार्य में ग्रामीणों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हादसे के बाद सियार गांव में गमगीन माहौल है।

## पुलिस ने दो लोगों की हत्या की साजिश रच रहे युवक को दबोचा

### महाराष्ट्र से खरीदी थी पिस्टल और कारतूस, करोई थाना पुलिस की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / करोई**



थाना पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों की हत्या की साजिश रच रहे युवक को पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि युवक वारदात को अंजाम देता उससे पहले ही मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सोपुरा गांव में रहने वाला एक युवक अपने पास हथियार रखे हुए है और किसी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक युवक काले बैग के साथ संदिग्ध स्थिति में नजर आया। पुलिस को देखकर वह हड़बड़ा गया , पूछताछ में युवक ने अपना नाम शंकर (25) पुत्र श्यामपुरी गोस्वामी बताया। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल (मैगजीन सहित) और एक थैली में छह कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में शंकर ने बताया कि दिसंबर 2024 में दौलतपुरा निवासी कैलाश गुर्जर और प्रकाश गुर्जर के साथ उसके पिता श्यामपुरी और चचेरे भाई बुद्धिपुरी का झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश के चलते वह महाराष्ट्र के जालना से पिस्टल और कारतूस खरीदकर लाया और दोनों की हत्या की योजना बना रहा था। पुलिस ने बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी का किसी गिरोह या हथियार तस्करी से कोई संबंध तो नहीं है।

## बागौर थाना पुलिस ने 5-5 हजार के इनामी दो फरार चोरों को किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बागौर**



पुलिस ने चोरी नकबजनी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे पांच-पांच हजार रुपए के इनामी दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने यह कार्वाई की।

थानाधिकारी मेधा गोयल ने बताया कि कार्वाई 27 जनवरी 2025 को दर्ज मामले में की गई। इसमें श्यामलाल सेन ने रिपोर्ट दी थी कि उसके घर में घुसकर ज्वेलरी और अन्य कीमती सामान चोरी हो गए थे। मोहल्ले वासियों को भनक लगने पर मामले में संदिग्ध रमेश सिंह उर्फ राजू बागरिया (22 वर्ष, निवासी कोटड़ा थाना बदनोर) को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया था और अन्य आरोपी नारायण उर्फ टंका को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था । वही अन्य आरोपी दुर्गा पिता श्रवण उर्फ गोपाल बागरिया निवासी उखलिया, शंभुगढ़ भीलवाड़ा और भंवरलाल पिता केशु निवासी गोरडिया, बदनौर भीलवाड़ा की तलाश चल रही थी । जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है ।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि ये आरोपी अन्य जिलों में भी चोरी की वारदातों में शामिल रहे हैं।

## बिजौलियां में सांप्रदायिक घटनाओं के विरोध में बंद आज

### सनातन उत्सव समिति के नेतृत्व में वुड फोर्ट रेस्टोरेंट पर हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

जिले सहित क्षेत्र में हाल ही में हुई धार्मिक असहिष्णुता और सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सनातन उत्सव समिति बिजौलियां ने 6 जुलाई, रविवार को नगर बंद का आह्वान किया है। समिति ने समस्त व्यापारियों, नागरिकों और संगठनों से इस शांतिपूर्ण विरोध में सहभागिता निभाने की अपील की है।

शनिवार को नगर के वुड फोर्ट रेस्टोरेंट पर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें नगर बंद को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में कमल ब्रह्मभट्ट, ओम मेड़तिया, मुकेश धनोपिया, दीपक गौड़, मनोज गोधा, सुधीर नलवाया, पंकज जैन, राजीव चित्तौड़ा, धनंजय गुरुजी, नारायण अहीर और हितेंद्र राजौरा सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से 6 जुलाई को बंद रखने का समर्थन किया।

समिति के हितेंद्र राजौरा ने बताया कि बीते कुछ समय से भीलवाड़ा जिले में सनातन पर्व-उत्सवों के दौरान उपद्रव और षड्यंत्र की घटनाएं बढ़ी हैं। जहाजपुर में बेवान पर पथराव, भीलवाड़ा में सांप्रदायिक तनाव और हाल ही में जहाजपुर में एक निर्दोष युवक की मॉब लिंचिंग से जनभावनाएं आहत हुई हैं।

राजौरा ने बताया कि 2 जुलाई को बिजौलियां में एक बछड़े की कटी गर्दन मिली थी, लेकिन प्रशासन ने बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक किए ही उसे दफना दिया। इससे प्रशासन की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग गया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक तुष्टिकरण का उदाहरण बताते हुए कहा कि यह सब विधर्मी तत्वों के बढ़ते हौसले का संकेत है।

सनातन उत्सव समिति ने सभी नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे 6 जुलाई को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सामूहिक एकजुटता का परिचय दें। समिति ने स्पष्ट किया है कि बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण, अनुशासित और धार्मिक सहिष्णुता को दर्शाने वाला होगा।

# करंट लगने से पांच गायों की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

मेहता जी का खेड़ा गांव के बलाईयो का झोंपड़ा में करंट से पाँच गायो की मौत हो गई । ग्रामीण भुरा लाल सालवी ने बताया कि शनिवार सुबह 4 बजे आकाशीय बिजली के ट्रान्सफार्मर पर गिरने से विधुत लाइन के तार र जमीन पर गिर गए। जिसके चलते तार की की चपेट में आने से गायो की मौत हो गई । ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस ने जाँच शुरू की है ।

# बारिश के बाद पूरे यौवन पर भड़क जलप्रपात, सात झरनों की गिरती धाराओं से गूंज उठा पहाड़ी इलाका

## प्राकृतिक शिवलिंग, सात झरनों की श्रृंखला और हरी-भरी घाटी ने खींचा सैलानियों का रुख, सुविधाओं का अब भी अभाव

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

उपखंड क्षेत्र में मानसून की पहली जोरदार बारिश के बाद भड़क जलप्रपात इन दिनों अपने पूरे यौवन पर है। 30 फीट ऊंचाई से गिरती सात झरनों की धाराएं न केवल पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं, बल्कि आसपास का पूरा पहाड़ी इलाका झरनों की गूंज और हरियाली से सराबोर हो उठा है।

छोटी बिजोलिया ग्राम पंचायत में स्थित यह प्राकृतिक धरोहर इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। खासकर छुट्टियों और वीकेंड पर राजस्थान के कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, अजमेर सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं।

### भड़क की खासियत -

भड़क जलप्रपात केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि प्रकृति, आध्यात्म और रोमांच का अनोखा संगम है। इसकी मुख्य विशेषताएं हैं:-

सात झरनों की श्रृंखला - यहाँ एक साथ अलग अलग सात बहते जलप्रपात है

प्राकृतिक शिवलिंग - झरनों के मध्य एक गुफा में स्थित प्राचीन शिवलिंग, जिस पर जल अपने आप गिरता है

### हरी-भरी घाटी - चारों ओर फैली पहाड़ियों पर छाई हरियाली और स्वच्छ हवा

यहां का वातावरण न केवल सौंदर्य से भरपूर है, बल्कि अध्यात्म और शांति की अनुभूति भी कराता है।

### पर्यटकों को हो रही परेशानी -

हालांकि, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस स्थल



पर पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव आज भी एक बड़ी समस्या है। झरनों तक पहुंचने के लिए कोई पक्की पगडंडी या सीढ़ियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे लोगों को ऊबड़ खाबड़ चट्टानों के जोखिम भरे रास्ते से गुजरकर नीचे जाना पड़ता है।

बुजुर्ग , महिलाएं और बच्चे इस रोमांच में कई बार जोखिम का सामना करते हैं। न सुरक्षा के उपाय हैं, न यहाँ उतरने के लिए कोई संकेतक बोर्ड है ।


### प्रशासन से की सुविधाओं की मांग -

स्थानीय कमलेश सेन ने बताया की यहां आने वाले पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि भड़क जैसे प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाए। यदि सीढ़ियां, रेलिंग, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, सूचना बोर्ड और सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएं तो यह स्थान राज्य के प्रमुख मानसूनी पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है।

# शाहपुरा में रोडवेज कंडक्टर ने बीमार बुज़ुर्ग महिला को जंगल में उतारा, यात्रियों में रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

राजस्थान रोडवेज की बस में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। वैशाली नगर डिपो की शाहपुरा से रवाना हुई बस में सीट को लेकर हुए विवाद के बाद कंडक्टर ने एक बीमार बुजुर्ग महिला को सुनसान इलाके में उतार दिया, जिससे यात्रियों में गहरा आक्रोश है। पीड़िता रमानी देवी ने बताया कि वह बीमारी की हालत में मजबूरी में सफर कर रही थी। जैसे ही वह बस में चढ़ी और सीट पर बैठी, कंडक्टर से सीट को लेकर कहासुनी हो गई। महिला ने जब अपनी तबीयत के बारे में बताया, तब भी कंडक्टर ने कोई सहानुभूति नहीं दिखाई और उसे बीच रास्ते, जंगल के पास उतार दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान बस में सवार अन्य यात्रियों ने भी इसका विरोध किया, लेकिन कंडक्टर अपनी जिद पर अड़ा रहा। यात्रियों ने इस अमानवीय व्यवहार को लेकर गहरा रोष जताया और सवाल उठाए कि क्या अब रोडवेज में मानवता का कोई स्थान नहीं रह गया है?

घटना को लेकर स्थानीय प्रशासन और रोडवेज प्रबंधन से मांग की जा रही है कि ऐसे गैरजिम्मेदार और असंवेदनशील कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जाए।

# राकेश जिला उपाध्यक्ष, दलीचन्द जिला महासचिव और विनोद संयुक्त सचिव नियुक्त

## भीलवाड़ा जिला कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी घोषित


**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

( **पेसवानी** ) राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने क्षेत्रीय प्रभारी मोहन हटेला एवं संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक की स्वीकृति और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अनुशंसा पर भीलवाड़ा जिला कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी घोषित की । सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि सेवादल संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नवगठित



कार्यकारिणी में शाहपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता दलीचन्द खटीक को जिला महासचिव तथा शाहपुरा निवासी युवा कार्यकर्ता राकेश लोहार को जिला उपाध्यक्ष, नई ढाणी डाबला कचरा निवासी विनोद रायका को जिला सहसचिव बनाया गया। तीनों की जिला सेवादल कार्यकारिणी में नियुक्ती से शाहपुरा के कांग्रेसजनों में खुशी की लहर छा गयी और माला साफा पहना कर तीनों का सम्मान किया गया। सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीलाल देसाई की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवादल संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और ईमानदारी से निर्वहन जिले में संघठन को मजबूत करने के लिए करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी अभिकुल शर्मा एवं सतगुरू शरण का निर्देशन भी प्राप्त हुआ।

# आज राम कोठी में होगा सहजयोग शिविर



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

रामस्नेही सम्प्रदाय पीठ रामकोठी परिसर में 6 जुलाई रविवार को सहजयोग आत्म साक्षात्कार का कार्यक्रम किया जा रहा है।कार्यक्रम संयोजक पुर्व पालिका अध्यक्ष अनिल चोधरी ने बताया कि श्री राम महिमा व सामुहिक हनुमान चालीसा के साथ होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान सहजयोग से होने वाले लाभ उत्तम स्वास्थ्य तनाव रहित जीवन दुव्यसनो से मुक्ति बच्चो में श्रेष्ठ संस्कार आंनद में गृहस्थ जीवन एकाग्रता व स्मरण शक्ति के नुस्खे भी बताए जायेगे। निःशुल्क होने वाले इस आयोजन में शहर वासियो से भाग लेने की अपील की गई है।उल्लेखनीय है कि माता जी निर्मला देवी के सानिध्य में चलने वाले सहजयोग अभियान के तहत शाहपुरा में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने विधायक खंडेलवाल से की मुलाकात, विद्यालय समस्याओं का समाधान मांगा

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

ग्राम पंचायत गेणोली के बिहारीपुरा गांव में प्राथमिक विद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल से उनके होंडा निवास पर मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विद्यालय में केवल एक कमरा है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। जगह की कमी के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में चारदीवारी का



अभाव भी सुरक्षा के लिहाज़ से गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस विषय को प्राथमिकता से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर युवा नेता मुकेश धाकड़, रामलाल धाकड़, कमलेश गुर्जर, कालूलाल धाकड़, राधेश्याम धाकड़, श्याम धाकड़, मोतीलाल गुर्जर, प्रभुलाल धाकड़, उदयलाल धाकड़, मोहनलाल धाकड़, सांवरिया, जगदीश चंद्र सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



## QUICK BITES

### कुम्भा विद्या निकेतन के छात्र शैलेन्द्रसिंह गौड़ ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा




शहर के महाराणा कुम्भा ट्रस्ट द्वारा संचालित कुम्भा विद्या निकेतन के छात्र शैलेन्द्रसिंह गौड़ ने 9वीं इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों, ट्रस्ट पदाधिकारियों, विद्यालय स्टाफ और छात्रावास के सहपाठियों ने स्वर्ण पदक विजेता शैलेन्द्रसिंह गौड़ का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। ट्रस्ट सचिव भगवतसिंह खादड़ा ने बताया कि शैलेन्द्रसिंह एक छोटे से गांव के होनहार विद्यार्थी हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। ट्रस्ट संरक्षक मनोहरसिंह हाड़ा ने छात्र को साफा बंधवाकर और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह कटार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, करणी सेना), श्रवण सिंह, रघुनाथ सिंह, शैतान सिंह, प्रधानाचार्य बृजराज कुलश्रेष्ठ और वार्डन राजेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गौ सेवा को समर्पित युवाओं की मिसालः भूखी-प्यासी बीमार गौ माता का सफल रेस्क्यू

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी



(दिलखुश मोटीस)। गांव कादेड़ा में कई दिनों से बीमार, भूखी-प्यासी और चलने-फिरने में असमर्थ स्थिति में पड़ी एक गौ माता को चारभुजा नाथ गौ सेवा समिति और बालाजी गौवंश हेल्पलाइन टीम के युवाओं ने सेवा भावना के साथ रेस्क्यू कर नया जीवन दिया।
इस पुनीत कार्य का नेतृत्व शाहपुरा जिला अध्यक्ष राजेश सेन ने किया। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पशु कंपाउंडर शंकर निंदरिया को बुलाकर गौ माता का तत्काल इलाज कराया। उपचार के बाद गौ माता को श्री सांड बाबा नंदी गौशाला में सुरक्षित स्थानांतरित किया गया।
रेस्क्यू टीम में गौ सेवक रॉकी शर्मा, नवनीत राजावत, विष्णु जांगिड़, कान्हा गुर्जर, देवकिशन माली, सुमित सैनी, सक्षम सोनी, विशाल किर, बंटी शर्मा और लक्की पाटीदार ने सहयोग किया ।

### दिनभर चला रिमझिम बारिश का दौर



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला चलता रहा। अलसुबह शुरू हुई बारिश देर शाम तक रुक-रुककर जारी रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया।
लगातार वर्षा के चलते सड़कों पर पानी भर गया और जगह-जगह कीचड़ की स्थिति बन गई, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही कम रही।
बारिश ने किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है और खेतों में बुआई की उम्मीद को बल मिला है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

# मांडलगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति में पौधरोपण की शुरुआत

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर हरियाली अभियान कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जीएसएस अध्यक्ष इंद्राविनय झंवर ओर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर की। इस दौरान विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए।
कार्यक्रम में जीएसएस अध्यक्ष इंद्रा विनय झंवर ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधे न सिर्फ



पर्यावरण को संतुलित करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली भी सुनिश्चित करते हैं।
सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें सुरक्षित रखा जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों को भी पौधरोपण के प्रति प्रेरित किया गया।
इस अवसर पर जीएसएस उपाध्यक्ष मनोज आंचलिया ने कहा कि समाज के हर वर्ग को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि धरती पर हरियाली बढ़ सके और प्राकृतिक आपदाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षा इंद्रा विनय झंवर, सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक गोविंद सिंह नरुका समिति उपाध्यक्ष मनोज कुमार आंचलिया, मैनेजर कुलदीप ब्रह्मभट्ट,अक्षत राव,कन्हैया कुमार धाकड़, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक व जीएसएस सदस्य मौजूद रहे।

# सड़क नहीं, मुसीबत है यह रास्ता – गैनोली से कुण्डालिया तक जंग जैसा सफर

## एक ओर गहरा तालाब, दूसरी ओर पहाड़ी मोड़–बारिश में कीचड़ और गड्ढों से और बिगड़ी हालत





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

गैनोली से कुण्डालिया गांव तक की करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से बदहाल हालत में है, लेकिन आज भी जिम्मेदार विभागों और जनप्रतिनिधियों की नींद नहीं टूटी है। यह सड़क लोगों के लिए किसी दुर्घटना के खुले निमंत्रण से कम नहीं बन चुकी है।
सड़क के एक ओर गहरा तालाब है, तो दूसरी ओर ऊंची और घुमावदार पहाड़ियां। संकरी और कच्चे मलबे से बनी यह सिंगल रोड हर रोज ग्रामीणों के लिए जान जोखिम में डालने वाला रास्ता बन चुकी है। बरसात के बाद हालात और भी खतरनाक हो गए हैं– कई जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और कीचड़ फैलने से राह चलना भी मुश्किल हो गया है।

**मोक्षधाम की पुलिया बनी जानलेवा जाल -**

इस मार्ग पर स्थित मोक्षधाम के पास की पुलिया सबसे खतरनाक जगह बन गई है। यह पुलिया संकरी, असमतल और बिना किसी सुरक्षा रेलिंग के है। वाहन चालकों को यहां से गुजरते समय हमेशा गिरने या फिसलने का खतरा बना रहता है। बारिश में यह खतरा दोगुना हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस पुलिया पर बैरिकेडिंग लगाने या मरम्मत करने की मांग की गई, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

**ज्ञापन देने के बावजूद नहीं जागे जिम्मेदार -**

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उपखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को लिखित ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक ना तो सड़क की मरम्मत हुई, ना पुलिया को सुरक्षित किया गया। वर्षों से केवल फाइलों में घुम रही इस मांग को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है।

**गर्भवती महिलाओं, मरीजों के लिए सबसे बड़ा संकट -**

ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति जब अस्पताल ले जाए जाते हैं, तो कई बार वाहन फंस जाते हैं या फिसल जाते हैं। कई दुर्घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन अफसोस कि प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

**सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी फिर भी नहीं सुधरे हालात**

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत का हिस्सा है, और इससे जुड़ी लापरवाही अब सहन नहीं की जाएगी। ग्रामीणों में बताया की कई बार सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर चेतावनी दी है लेकिन फिर भी सड़क और पुलिया की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है ।

# पंचवटी विकास समिति ने शुरू किया अनूठा पर्यावरणीय अभियान

## पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कर दिया पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

पंचवटी विकास समिति ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए शनिवार सुबह ÷स्मृति में हरियाली÷ अभियान की शुरुआत की। यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि पूर्वजों की स्मृति और प्रकृति के प्रति कर्तव्य को जोड़ने वाला अनूठा प्रयास रहा।
अभियान के तहत कॉलोनीवासियों ने अपने स्वर्गीय माता-पिता, परिजनों एवं पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपे और उन्हें जीवन भर सहेजने का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष विक्रम झा ने बताया कि यह प्रयास नई पीढ़ी को यह संदेश देने के लिए है कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति दायित्व दोनों जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि लगाए गए पौधे 13 से 15 फीट ऊंचे छायादार वृक्ष




हैं, जो आने वाले समय में हरियाली, छाया और पर्यावरण संतुलन में योगदान देंगे। समिति सचिव अभिषेक चंडालिया ने सभी निवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की और कहा कि मिलकर हम अपनी कॉलोनी को हरित, स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं।इस अवसर पर समिति पदाधिकारी एवं निवासी अशोक जिनगर, राहुल जैन, मुकेश लौट, सुनील नामदेव, अंकित सोनी, गोपाल शर्मा, अभिषेक जैन और मिथिलेश शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# हिंदुस्तान जिंक की पहल से ग्रामीण महिलाएं बनीं उद्यमी

## 'सखी उत्पादन समिति' महिलाओं को दे रही है आत्मनिर्भरता का बल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हिंदुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही 'सखी उत्पादन समिति' बड़ी सफलता की ओर अग्रसर है। अगस्त 2021 में शुरू की गई इस पहल से अब तक 30 हजार से अधिक महिलाएं 2 हजार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जुड़ चुकी हैं। इन समूहों ने सामूहिक रूप से 18.8 करोड़ की बचत और 100.6 करोड़ से अधिक ऋण लेकर आजीविका को नया आयाम दिया है। समिति के दो प्रमुख ब्रांड 'दायची' (खाद्य उत्पाद) और 'उपाया' (परिधान व डेकोर) को देशभर में सराहना मिल रही है।

भीलवाड़ा की मंजू देवी जैसी महिलाएं इस पहल के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में आदर्श के रूप में उभर रही हैं। वर्तमान में राजस्थान और उत्तराखंड में संचालित 14 इकाइयों में 200 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जबकि 100 बिजनेस सखी ग्रामीण बाजार में बिक्री एंबेसेडर के रूप में कार्य कर रही हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सखी उत्पादन समिति ने 2.31 करोड़ का राजस्व दर्ज किया।

'हार्ट्स विद फिंगर्स' नाम से



ऑनलाइन मार्केट, अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर उपस्थिति के साथ यह पहल ग्रामीण महिला उद्यमिता को राष्ट्रीय मंच दे रही है।

# कृषि शिक्षा में छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, ऑनलाइन आवेदन शुरू

## राज किसान साथी पोर्टल पर 31 जनवरी 2026 तक कर सकेंगी आवेदन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कृषि विषय में अध्ययनरत छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो आगामी 31 जनवरी 2026 तक चलेगी।

संयुक्त निदेशक कृषि विभाग विनोद कुमार जैन ने बताया कि राजस्थान की मूल निवासी छात्राएं जो कृषि संकाय में अध्ययनरत हैं, वे इस योजना के तहत आर्थिक लाभ ले सकती हैं। कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं को ?15,000, स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में पढ़ने वाली छात्राओं को ?25,000 तथा पीएचडी कर रही छात्राओं को ?40,000 प्रति वर्ष की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

आवेदन के लिए छात्राओं को अपनी एसएसओ आईडी से लॉगिन कर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ गत वर्ष की अंकतालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र, जन आधार कार्ड और अध्ययन संस्थान से प्राप्त प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। संस्थान के प्रधानाचार्य को भी ऑनलाइन यह प्रमाणित करना होगा कि छात्रा अध्ययनरत है और अनुत्तीर्ण नहीं है।

जैन ने बताया कि यह योजना केवल उन्हीं छात्राओं के लिए है जो राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों में कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी या खाद्य प्रसंस्करण जैसे विषयों का अध्ययन कर रही हैं। बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाली या अनुत्तीर्ण छात्राएं इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और कृषि के आधुनिक क्षेत्रों में कदम बढ़ा सकें।

# सज्जनविला में महासाध्वी कुमुदलता म.सा. को समर्पित की गई आदर की चादर

## शांतिनाथ भगवान की आराधना के साथ हुआ जाप अनुष्ठान, 6 जुलाई को होगा मंगल विहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्रमण संघीय महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में सज्जनविला स्थित ललित-नीता बाबेल निवास पर शांतिनाथ भगवान की आराधना हेतु जाप अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस अवसर पर महासाध्वी म.सा. को आदर की चादर समर्पित कर वंदन किया गया।

महासाध्वी ने कहा कि शांतिनाथ भगवान की आराधना से जीवन में सुख, शांति और कल्याण प्राप्त होता है। बाबेल परिवार की समाज सेवा व गुरु भक्ति की सराहना करते हुए





उन्होंने प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में महासाध्वी महाप्रज्ञाजी ने भजन प्रस्तुत किए, साथ ही साध्वी पद्मकीर्ति व साध्वी राजकीर्ति का भी सानिध्य मिला।

अनुष्ठान से पूर्व नवकार मंत्र चौकी की स्थापना की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजन व बाबेल परिवार के सदस्य शामिल रहे। संचालन राजेन्द्र सुराना ने किया व आभार नीता बाबेल ने जताया।

6 जुलाई सुबह 6ः15 बजे महासाध्वी मंडल सज्जनविला से विहार कर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अभिषेक सोनी के निवास पहुंचेंगे, जहां गुरू भक्ति व अनुष्ठान होगा। 7 जुलाई को विहार कर सीए सुनील सुराणा के निवास पहुंचेंगे और 8 जुलाई को सुभाषनगर स्थानक के लिए चातुर्मासिक मंगल प्रवेश यात्रा होगी

# सूर्य महल में श्रीमद भागवत कथा का समापन, हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ हुआ विश्राम

## सुदामा चरित्र पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, भक्तों की उमड़ी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सूर्य महल में मंगरोप निवासी काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। आयोजक कैलाशचंद्र काबरा ने बताया कि समापन अवसर पर वेद मंत्रोच्चारण के साथ क्षेत्र की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की गई।

कथावाचक संत अर्जुनराम ने हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और आत्मबल बढ़ता है। भागवत कथा से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की भावना उत्पन्न होती है।






### समापन दिवस पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए संतश्री ने कहा -

मित्रता वही सच्ची है, जो बिना स्वार्थ के निभाई जाए। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श है। कथा स्थल पर शहर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कथा के अंत में संत अर्जुनराम जी महाराज को समाजसेवी श्री गोपाल राठी, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, कंवरलाल पोरवाल, रामकृष्ण सोनी, दिलीप तोषनीवाल, रामनारायण कोठारी सहित कई गणमान्यजनों ने माला अर्पण कर सम्मानित किया।

संतश्री ने सभी आगंतुकों को दुपट्टा ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में भक्तों ने सामूहिक आरती की। मंच संचालन सुशील मरोटिया ने किया और कथा आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

## QUICK BITES

# नव नियुक्त गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी का किया सम्मान, जिला नेतृत्व का जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा गणेश मंडल अध्यक्ष पद पर मुकेश सोनी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है । इस अवसर पर उपनगर पुर में आयोजित स्वागत-सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा, माला व साफा पहनाकर मुकेश सोनी का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रेम बिश्नोई ने किया।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सत्यनारायण मुछाला, सत्यनारायण व्यास, छोटू लाल अटारिया और श्रवण कुमार सेन ने जिला नेतृत्व का आभार जताते हुए सोनी को शुभकामनाएं दीं।

अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद मुकेश सोनी ने कहा की संगठन द्वारा दिए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी हित व क्षेत्रीय विकास में पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा।÷

कार्यक्रम में पार्षद सूरज बिश्नोई, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रतनलाल आचार्य, प्रेम अटारिया, जगदीश सुथार, श्रवण सेन, कैलाश मारू, नारायण आचार्य, अभिषेक जोशी, रजत माथुर, नंदलाल कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में रतनलाल आचार्य ने जिला नेतृत्व एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# भीलवाड़ा में एसडीएमसी व एसएमसी की बैठक संपन्न, शिक्षा और स्वच्छता पर हुआ मंथन

## विधायक अशोक कोठारी बोले - शिक्षा और संस्कार से ही संवरता है राष्ट्र का भविष्य

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों की बैठक नवकार कॉम्प्लेक्स स्थित विधायक कार्यालय पर संपन्न हुई। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ बैठक की शुरुआत हुई।

विधायक कोठारी ने कहा कि शिक्षा में नवाचार और विद्यालयों के विकास के लिए सरकार व समाज के समन्वय की जरूरत है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मंत्र के साथ भीलवाड़ा को ग्रीन, क्लीन और स्मार्ट सिटी बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने विद्यालय परिसरों को सुंदर और सुविधायुक्त बनाने तथा भामाशाहों को प्रेरित कर विकास कार्य करवाने पर ज़ोर दिया।

बैठक को विवेक निमावत, संजय राठी और एडवोकेट अर्पित कोठारी ने भी संबोधित किया। संचालन बाबूलाल टाक ने किया।

इस अवसर पर मानसिंह संचेती, नंदकिशोर शर्मा, दुर्गालाल सोनी, राधेश्याम सोमानी, मधुबाला यादव, प्रकाश ओड़, गजेंद्र सिंह राठौड़, पवन लोढ़ा, प्रिंस जैन, सारथी करण सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

# वर्षा काल में पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन में बनें सहभागी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



वर्षा ऋतु में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ढोसर में पर्यावरण प्रेमी विनोद बूलीवाल ने पौधे लगाए और आमजन से पर्यावरण संवर्धन में सहभागी बनने की अपील की।

इस अवसर पर राउमावि ढोसर के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह चुंडावत, नरेंद्र प्रसाद बंगाली, श्यामलाल पायक और हीरालाल शर्मा उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण प्रभारी दिनेश कुमार सेन ने बताया कि ÷हरियालो राजस्थान÷ अभियान के तहत विद्यालय परिसर में 800 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विद्यालय परिवार के सहयोग से शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम में पर्यावरण संतुलन और हरियाली बढ़ाने के लिए सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890